
# Amar Ujala

Dated : 8th Apr 2020

न्यूज डायरी

## पीएम केयर फंड और मुख्यमंत्री कोविड केयर फंड में दिए 11 लाख



साहिबाबाद। मोहननगर स्थित आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप ने पीएम केयर फंड और मुख्यमंत्री कोविड केयर फंड में 11 लाख रुपये का योगदान दिया है। ग्रुप के चेयरमैन डा. आरपी चड्ढा ने पीएम केयर्स फंड के लिए सांसद व राज्यमंत्री को 5,51,000 रुपये एवं मुख्यमंत्री कोविड केयर फंड के लिए 5,51,000 रुपये का चेक सौंपा।

**मदद को बढ़े हाथ** आज भारतवर्ष ही नहीं पूरा विश्व कोरोना वायरस के संक्रमण की विभीषिका से प्रभावित है

# आईटीएस मुरादनगर के चेयरमैन ने केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह को सौंपा 11 लाख का चेक

## पीएम केयर्स फंड और मुख्यमंत्री कोविड केयर फंड के लिए अलग-अलग दिए गए 5 लाख 51 हजार रुपए के चेक

भास्कर न्यूज

**गाजियाबाद**। आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने पी एम केयर्स फण्ड के लिए जनरल (सेनि) वी के सिंह, राज्य मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को 5,51,000 रुपये का चेक एवं मुख्यमंत्री कोविद केयर फण्ड के लिए 5,51,000 रुपये का चेक सौंपा।

इस ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने बताया कि आज जब भारतवर्ष ही नहीं पूरा विश्व कोरोना वायरस के संक्रमण की विभीषिका से प्रभावित है, इस ग्रुप द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं और अपने स्तर पर हर संभव प्रयास किया जा रहा है जिससे इस कठिन एवं विषम परिस्थिति में जो लोग प्रभावित हैं तथा समाज का वह वर्ग, जिसके पास सुविधाओं का अभाव है, उनकी सहायता एवं मूलभूत आवयश्यकताओं को पूरा किया जा सके एवं सरकार प्रभावी ढंग से इस चुनौती का सामना कर सके। बता दें कि 1995 से अपने स्थापना के समय से ही यह ग्रुप अपने चेयरमैन डॉ. आर पी चड्ढा की प्रेरणा से इस प्रकार के कार्यों में बढ़ चढ़ कर योगदान करता रहा है। चाहे इसके पूर्व में प्राकृतिक आपदा के रूप मे ओड़िसा में आया हुआ चक्रवाती तूफ़ान रहा हो, भुज में आया भूकंप रहा हो, केदारनाथ की त्रासदी हो या कारगिल युद्ध का समय रहा हो या अन्य जब कभी भी देश के सामने कड़ी चुनौतियां रही हों, यह ग्रुप सर्वदा ही अपनी भूमिका को लेकर सजग एवं तत्पर रहा है। आज की इस कठिन चुनौतीपूर्ण समय में भी हमेशा की तरह संस्था के द्वारा अपने स्तर पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संस्था में गरीबों एवं ऐसे लोगों के लिए, जिनके पास मूलभूत सुविधाओं की समस्या खड़ी हो गयी है, प्रतिदिन भोजन के पैकेट एवं पीने के पैक्ड पानी की बोतलें वितरित किये जा रहे हैं, ताकि उन परेशान लोगों का ध्यान रखा जा सके।



डॉ. आर पी चड्ढा, चेयरमैन, आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप द्वारा 'पीएम केयर्स फण्ड' के लिए 5.51 लाख और 'मुख्यमंत्री कोविड केयर फण्ड' के लिए 5.51 लाख के दो चेक केंद्रीय राज्यमंत्री व गाजियाबाद सांसद जनरल (सेनि) वी के सिंह को सौंपा।

इस ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, जो इन सभी सामाजिक कार्यक्रमों के संयोजक भी हैं, ने बताया कि ग्रुप के द्वारा ग़ाज़ियाबाद, मुराद नगर, ग्रेटर नॉएडा एवं निकटवर्ती क्षेत्रों तथा गावों में जहाँ जैसी जरूरत है, अनकों प्रकार के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस विषम परिस्थिति में हम देश एवं समाज के प्रति अपना उत्तरदायित्व समझते हैं और देश के प्रधानमंत्री के साथ खड़े हैं और अपने स्तर पर जो भी संभव होगा, योगदान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि ग़ाज़ियाबाद जिला प्रशासन के सहयोग से गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों को सूखा राशन, जिसमें आंटा, चावल, दाल, नमक एवं तेल भी वितरित किया जा रहा है जिससे कि उनके घर मे चूल्हा जल सके। साथ ही ऐसे लोग भी इस समय कठिन समय में अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। वहीं, ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने जिला प्रशासन को अपने हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम ग़ाज़ियाबाद, मुराद नगर तथा ग्रेटर नॉएडा के साथ साथ निकटवर्ती क्षेत्रों में आगामी 14 अप्रैल तक लगातार जारी रहेगी। गौरतलब है कि जिला प्रशासन के अनुरोध पर इस ग्रुप द्वारा गत 2 अप्रैल से आईटीएस मुरादनगर एवं ग्रेटर नॉएडा स्थित दोनों सूर्या हॉस्पिटल्स में 40-40 बिस्तरों के साथ सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित अलग व्यवस्था की गयी है जिसका उपयोग जिला प्रशासन द्वारा इस कोरोना वाइरस से संक्रमित या संभावित रोगियों को क्वारंटाइन या आइसोलेशन के लिए किया जा रहा है।

## आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन ने पीएम केयर्स फण्ड एवं मुख्यमंत्री कोविड केयर फण्ड के लिए

# 5.51 लाख के दो चेक सांसद वीके सिंह को सौंपे

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ.आर.पी.चड्ढा द्वारा पी.एम.केयर्स फण्ड के लिए सांसद जनरल (से नि) वी. के. सिंह, राज्य मंत्री, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को 5,51,000/- रुपये का चेक एवं मुख्य मंत्री कोविद केयर फण्ड के लिए 5,51,000/- रुपये का चेक सौंपा।



आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने बताया कि इसी क्रम में आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप ने प्रधानमंत्री केयर्स फण्ड में और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कोष में आर्थिक योगदान का निर्णय किया और इसी क्रम में उपरोक्त चेक सौंपा गया। उन्होंने कहा कि आज जब भारतवर्ष ही नहीं, पूरा विश्व कोरोना वायरस के संक्रमण की विभीषिका से प्रभावित है। संस्था में गरीबों एवं ऐसे लोगों के लिए, जिनके पास मूलभूत सुविधाओं कि समस्या खड़ी हो गयी है। प्रतिदिन भोजन के पैकेट एवं पीने के पैक्ड पानी की बोतलें वितरित किये जा रहे हैं। संयोजक ने बताया कि ग्रुप द्वारा गाजियाबाद, मुरादनगर, ग्रेटर नॉएडा एवं निकटवर्ती क्षेत्रों तथा गावों में जहाँ इस दिशा में चेयरमैन डॉ आर.पी.चड्ढा की प्रेरणा अनकों प्रकार के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया की गाजियाबाद जिला प्रशासन के सहयोग से गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों को सूखा राशन जिसमें आंटा, चावल, दाल, नमक एवं तेल भी वितरित किया जा रहा है। जिससे कि उनके घर में चूल्हा जल सके एवं ऐसे लोग भी इस समय कठिन समय में अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। इसके अतिरिक्त जिला प्रशाशन एवं सिविल डिफेंस विभाग द्वारा जैसे सूचना प्राप्त हो रही है। सूखा राशन एवं तैयार भोजन कि पैकेट्स और पीने के पानी का वितरण नित्य किया जा रहा है। ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने जिला प्रशासन को अपने हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त करते हुए कहा की क्षेत्रों में 14 अप्रैल तक लगातार जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त कार्यों के अतिरिक्त, जिला प्रशासन के अनुरोध पर ग्रुप द्वारा 02 अप्रैल से आईटीएस के मुरादनगर एवं ग्रेटर नॉएडा स्थिति दोनों सूर्या हॉस्पिटल्स में 40-40 बिस्तरों के साथ सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित अलग व्यवस्था की गयी हैं। जिसका उपयोग जिला प्रशासन द्वारा इस कोरोना वाइरस से संक्रमित या संभावित रोगियों को क्वारेंटाइन या आइसोलेशन के लिए किया जा रहा है।

# Dainik Jagran

**Dated : 8th Apr 2020**

## एक नजर में

### मदद के लिए आइटीएस ने दिए 11 लाख रुपये

**साहिबाबाद:** आइटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री केयर्स फंड और मुख्यमंत्री कोविड केयर फंड के लिए 5.51 लाख और 5.51 लाख रुपये के दो चेक सांसद वीके सिंह को सौंपे है। आइटीएस के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने बताया कि कोरोना के कारण भारत ही नहीं विश्व के लोग परेशान हैं। ऐसे में आइटीएस द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की जा रही है, जिससे की जिन लोगों के पास संकट के इन क्षणों में मूलभूत सुविधाओं की कमी है, उनको मदद मिल सके। आइटीएस द्वारा गरीबों को राशन मुहैया कराया जा रहा है। (जासं)

आज का विचार

'पहचान से मिला काम थोड़े समय के लिए रहता है, लेकिन काम से मिली पहचान उम्र भर रहती है।



फोनरवा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को ... 02



कोरोना और चीन का ओबीआर प्रोजेक्ट... 04

सर्राफा/बाजार

सोना प्रति 10 ग्राम ₹ 48,120 | चांदी प्रति किलो 43,640 ₹

सेंसेक्स

सेंसेक्स 8.97 % 30067.21 | 8.76% निफ्टी 8792.20

www.dainikhint.com

@DainikHint

दैनिक हिन्ट

हमेशा आपके साथ

जोश, जुनून और जनता से जुड़ी खबरें

स्थापना : 1963

वर्ष : 38 | अंक : 218 | गाजियाबाद, बुधवार, 08 अप्रैल 2020 | पेज : 08 | मूल्य : 02 ₹ | गाजियाबाद, नोएडा, दिल्ली, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर व सहारनपुर से प्रसारित | डाक पंजीयन संख्या यूपी /GBD-166/2016-18

# आईटीएस ग्रुप ने पीएम व सीएम कोविड केयर फंड में दिए 5.51-5.51 लाख रुपए



हिन्ट संवाददाता

**ट्रांस हिंडन।** कोरोना से जारी जंग में सहियोग के लिए आईटीएस एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने पीएम केयर्स फण्ड के लिए 5 लाख 51 हजार रुपए और मुख्यमंत्री कोविड केयर फण्ड के लिए 5 लाख 51 हजार रुपए का चेक सांसद वीके सिंह को सौंपा। ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने बताया कि देश मुश्किल समय से गुजर रहा है। ऐसे में देशवासियों को एक जुटता का परिचय देते हुए सरकार की गाइडलाइनों का अनुपालन करते हुए जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। आईटीएस ग्रुप द्वारा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए नियमित रूप से भोजन वितरित किया जा रहा है। आईटीएस द्वारा जिला प्रशासन को अपने स्तर से हर संभव सहयोग के लिए आश्वशत करता है।

# Yug Karwat

Dated : 8th Apr 2020


## आईटीएस ग्रुप ने पीएम फंड में दी 5.5 लाख की राशि



मुरादनगर। आईटीएस– द एजुकेशन ग्रुप की ओर से कोविद राहत फंड के लिए पीएम रिलीफ फंड में पांच लाख 51 हजार की धनराशि दी गई है। संस्थान के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा ने इस राशि का चेक केंद्रीय मंत्री व स्थानीय सांसद वी के सिंह को सौंपा। ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने बताया कि आज जब भारतवर्ष ही नहीं पूरा विश्व कोरोना वायरस के संक्रमण की विभीषिका से प्रभावित है, आईटीएस की ओर से पीएम फंड में अंशदान किया गया। इस कठिन एवं विषम परिस्थिति में जो लोग प्रभावित हैं, उनकी सहायता एवं मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आईटीएफ प्रतिबद्ध है।

# Rashtriya Sahara

Dated : 8th Apr 2020


## सौंपे चेक

**मुरादनगर (एसएनबी)।** आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा ने केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह को 5 लाख 51 हजार रुपए का चेक पीएम केयर्स फंड एवं 5 लाख 51 हजार रुपए का चेक मुख्यमंत्री कोविड केयर फंड के लिए सौंपा। उन्होंने बताया, जिला प्रशासन के अनुरोध पर मुरादनगर एवं ग्रेटर नोएडा स्थित दोनों सूर्या अस्पताल में 40-40 बिस्तरों के साथ सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की अलग से व्यवस्था की गई है।

Nav Bharat Times

Dated : 9th Apr 2020

# राहत कोष में दिए 11 लाख रुपये

**एनबीटी न्यूज, मुरादनगर :** आईटीएस एजुकेशन ग्रुप ने कोरोना के खिलाफ जंग में मदद की है। ग्रुप ने पीएम केयर्स फंड में 5.51 लाख और मुख्यमंत्री कोविड केयर फंड में 5.51 लाख रुपये का योगदान दिया है। ग्रुप के चेयरमैन डॉ.आर .पी.चड्ढा ने इस राशि के दो चेक केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वी. के.सिंह  को सौंपे हैं।